Regarding need for trains (Duronto and Rajdhani) halt at Etawah Station and better execution of MGNREGA Yojna

श्री जितेंद्र कुमार दोहरे (इटावा) : सर, मैं इटावा लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ और मैं उस जिले से आता हूँ, जो माननीय श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी का जिला है। वहां पर दस सांसद हैं, दो राज्य सभा के सांसद हैं, जो कि आपके हैं और आठ लोक सभा सांसद हमारी समाजवादी पार्टी के हैं। मैं मांग करता हूँ कि इटावा स्टेशन पर दूरंतो एक्सप्रेस और राजधान एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। जब से कोरोना काल हुआ है, तब से अछलदा स्टेशन पर और भरथना स्टेशन पर कई ट्रेनों का अभी तक ठहराव नहीं किया गया है। मैं मांग करता हूँ कि अजमेर शरीफ एक्सप्रेस का भी ठहराव वहां पर किया जाए, ताकि हमारे मुस्लिम समाज के जो लोग अजमेर शरीफ जाते हैं, उनको सहूलियत हो सके। मैं मांग करता हूँ कि जो मनरेगा योजना आपके द्वारा चलाई जा रही है, उसमें बहुत ज्यादा खामियां हो रही हैं। जिलाधिकारी के द्वारा जेसीबी के द्वारा काम कराया जा रहा है और रोज़गारों को काम नहीं दिया जा रहा है। ?(व्यवधान)